## 2019 मतदान प्रशासन योजना (EAP) का परिपूरक

यह दस्तावेज़ ऑरेंज काउंटी मतदाता पंजीयक (OCROV) 2019 चुनाव प्रशासन योजना (EAP) के परिपूरक के रूप में कार्य करता है और मूल EAP के उन क्षेत्रों को उजागर करने का प्रयास करता है जिन्हें 14 सितंबर, 2021, कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के समान संचालन के लिए सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट (SOS) इलेक्शन एडमिनिस्ट्रेशन गाइडेंस की हालिया रिलीज़ के आलोक में समायोजित किया जाएगा (पिछली बार संशोधित - 16 जुलाई, 2021)।

### मतदान केंद्र सूत्र और विचारण

§4005(a)(10)(I)(vi)(I)

जैसा कि OCROV के मूल 2019 EAP में उल्लिखित है, मतदाता विकल्प अधिनियम (VCA) पंजीकृत मतदाताओं की संख्या के आधार पर मतदान केंद्रों की संख्या निर्धारित करने के लिए एक सूत्र स्थापित करता है। इस सूत्र के अंतर्गत, किसी भी काउंटी के लिए प्रत्येक 50,000 पंजीकृत मतदाताओं पर एक 11-दिवसीय मतदान केंद्र और प्रत्येक 10,000 पंजीकृत मतदाताओं पर एक 4-दिवसीय मतदान केंद्र प्रदान करना आवश्यक होता है। VCA में उल्लिखित सूत्र के आधार पर, आवश्यक न्यूनतम चुनाव से 88 दिन पहले (E-88) कुल पंजीकृत मतदाताओं पर आधारित है।

तुलनाकरते हुए, 14 सितंबर, 2021 कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के लिए, VCA काउंटियों, जैसे कि ऑरेंज काउंटी, जो पहले मतदान संहिता अनुभाग 4005 या 4007 के अनुसार मतदान आयोजित करते थे, को प्रत्येक 60,000 पंजीकृत मतदाताओं के लिए एक 11-दिवसीय वोट केंद्र और प्रत्येक 30,000 पंजीकृत मतदाताओं के लिए एक 4-दिवसीय मतदान केंद्र प्रदान करने की अनुमति है। इस सूत्र के लिए उपयोग किए गए पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 10 फरवरी, 2021 तक मतदाता पंजीकरण गणना पर निर्भर करती है।

आगामी 14 सितंबर, 2021 कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन की तैयारी में, OCROV ने कुल 64 मतदान केंद्रों की स्थापना करके इस आवश्यकता को पूरा किया है—31 11-दिवसीय मतदान केंद्र और 33 4-दिवसीय मतदान केंद्र।

### मतपत्र ड्रॉप-ऑफ सूत्र और विचारण

§4005(a)(10)(I)(vi)(II)

इसके अतिरिक्त, जैसा कि OCROV के मूल 2019 EAP में बताया गया है, VCA हर काउंटी से प्रत्येक 15,000 पंजीकृत मतदाताओं के लिए कम से कम एक मतपत्र ड्रॉप-ऑफ स्थान प्रदान करने को भी कहता है। E-88 पर मतदाता पंजीकरण डेटा का विश्लेषण प्रत्येक शहर और अनिगमित क्षेत्रों में आवश्यक मतपत्र ड्रॉप-ऑफ स्थानों की संख्या निर्धारित

करने के लिए किया जाता है। 14 सितंबर, 2021 को कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के समान संचालन के लिए सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट (SOS) द्वारा हाल ही में जारी किये गए मतदान प्रशासन मार्गदर्शन के साथ, यह अपेक्षा बदलती नहीं है।

14 सितंबर, 2021 के कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के लिए, VCA काउंटियों, जैसे कि ऑरेंज काउंटी, को "अपने अधिकार क्षेत्र में प्रत्येक 15,000 पंजीकृत मतदाताओं के लिए कम से कम एक मतपत्र ड्रॉप-ऑफ स्थान" प्रदान करना है। चूँकि ड्रॉप-ऑफ स्थानों की न्यूनतम संख्या पंजीकरण की रिपोर्ट, 10 फ़रवरी 2021 से कुल मतदाता पंजीकरण की गणना पर आधारित हो रही है।

इस लिए ऑरेंज काउंटी का कुल मतदाता पंजीकरण योग बढ़ गया है, और आवश्यक ड्रॉप-ऑफ स्थानों की संख्या अब 120 है। आगामी 14 सितंबर, 2021, कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के दौरान OCROV कुल 120 मतपत्र ड्रॉप-ऑफ स्थानों (स्थायी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स और स्टाफ़ ड्रॉप-ऑफ़ स्थानों के संयोजन) का संचालन करेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ऑरेंज काउंटी में पंजीकृत प्रत्येक 15,000 मतदाताओं के लिए कम से कम एक मतपत्र ड्रॉप-ऑफ स्थान स्थापित किया गया है।

120 मतपत्र ड्रॉप-ऑफ़ स्थानों में से, चार स्टाफ़ वाले ड्रॉप-ऑफ़ स्थानों के रूप में काम करेंगे, जबकि शेष 116 स्थायी रूप से स्थापित मतपत्र ड्रॉप बॉक्स से युक्त होंगे। सभी 116 स्थायी रूप से स्थापित मतपत्र ड्रॉप बॉक्स मतदाताओं के लिए सोमवार 16 अगस्त, 2021 से आरंभ करते हुए, मतदान के दिन, मंगलवार, 14 सितम्बर, 2021, को रात में 8:00 बजे तक प्रतिदिन 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन खुले हुए होंगे। अतिरिक्त चार स्टाफ़ वाले मतपत्र ड्रॉप-ऑफ़ स्थान मतदाताओं के लिए सोमवार, 16 अगस्त, 2021 से आरंभ हो कर मतदान के दिन तक उस स्थान के सामान्य व्यावसायिक घंटों के दौरान खुले रहेंगे, जैसा कि काउंटी मतदाता सूचना गाइड और OCROV वेबसाइट में सूचीबद्ध है।

## मतदाता शिक्षा और आउटरीच योजना का विवरण

§4005(a)(10)(I)(i), §4005(a)(10)(I)(i)(VI)

OCROV सामुदायिक संगठनों और हितधारकों के साथ नए संबंधों को विकसित करने के साथ-साथ मौजूदा वोट सेंटर मॉडल के तहत सामुदायिक भागीदारों के साथ हमारे मौजूदा संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

2020 के पहले भाग में वोट सेंटर मॉडल में प्रारंभिक परिवर्तन के साथ, OCROV ने एक जनरल मीडिया प्लान की स्थापना की, जिसमें ऑरेंज काउंटी के मतदाताओं को वोट सेंटर मॉडल से परिचित कराने की मांग की गई थी। उस समय, OCROV ने बार बार, अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुँचने के लिए एक विस्तृत दृष्टिकोण अपनाया। सोशल मीडिया, डायरेक्ट मेल, प्रिंट, ब्रॉडकास्ट, वीडियो, ऑनलाइन और रेडियो दृष्टिकोण के मिश्रण का उपयोग करके, OCROV ने मीडिया आउटलेट्स के स्पेक्ट्रम को संतृप्त किया और काफी संख्या में मतदाताओं तक पहुंचने में सफल रहा

(प्रति मतदाता औसतन 10 इंप्रेशन के साथ, वैधानिक आवश्यकताओं से कहीं अधिक)। चूँकि अब वोट सेंटर मॉडल से परिचित होने वाले मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है, और खंडित घटनाओं के साथ, आगामी कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के लिए आउटरीच प्रयासों के लिए अधिक केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

14 सितंबर, 2021 के, कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन की तैयारी में, मतदाताओं को उनके मतदान विकल्पों, मतदान की अवधि और स्थानों के बारे में सूचित रखने में मदद करने के लिए; OCROV ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, जैसे कि Facebook, Twitter और Instagram के उपयोग का विस्तार किया है। यह सोशल मीडिया अभियान आईएसपी डेटा के सूक्ष्म लक्ष्यीकरण के माध्यम से ऑरेंज काउंटी के अधिकांश मतदाताओं तक पहुँचते हुए, हमारी नवंबर 2020 की योजनाओं के परिणामों को बारीकी से प्रतिबिंबित करेगा। कई भाषाओं में रेडियो और प्रिंट विज्ञापन का भी लाभ उठाया जाएगा। इसके अलावा, OCROV ने एक डायरेक्ट मेल पोस्टकार्ड बनाया है, जिसे ऑरेंज काउंटी के सभी 1.8 मिलियन मतदाताओं को मेल किया जाएगा। पोस्टकार्ड मतदाताओं को उनके आधिकारिक मेल मतपत्र, और उनके निकटतम मतदान केंद्र और मतपत्र ड्रॉप-ऑफ स्थान के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। पोस्टकार्ड का अनुवाद किया गया था और यह मतदाताओं के लिए चीनी, कोरियाई, स्पेनिश और वियतनामी भाषाओं में उपलब्ध होगा। इसके अलावा, ऑरेंज काउंटी के मतदाताओं को एक मैसेजिंग ईमेल भी प्राप्त होगा जिसका उद्देश्य आगामी 14 सितंबर, 2021 को कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के दौरान मतदाताओं को उनके मतदान विकल्पों के बारे में सूचित करना है।

इसके अतिरिक्त, OCROV कई आभासी सार्वजनिक कार्यशालाओं की भी आयोजन करेगा, जो मतदाताओं को उनके मतदान विकल्पों के बारे में सूचित करने और उनके निकटतम मतदान केंद्र और मतपत्र ड्रॉप-ऑफ स्थानों का पता लगाने के लिए तैयार हैं। अगस्त के अंत में, OCROV एक EAP जन सुनवाई आयोजित करेगा, जिसके दौरान EAP का अद्यतन करने के लिए अपनी प्रतिक्रिया और इनपुट प्रदान करने के लिए जनता को आमंत्रित किया जाएगा।

चूँकि 2019 EAP ने 2020 में ऑरेंज काउंटी में मतदान के लिए वोट सेंटर मॉडल के कार्यान्वयन के लिए आधार और मार्गदर्शक रूपरेखा प्रदान किया था, यह मूल योजना का पूरक है, जो कि मूल EAP के उन क्षेत्रों को स्पॉटलाइट करने पर फोकस करता है जिन्हें 14 सितम्बर, 2021 के कैलिफ़ोर्निया गवर्नर संबंधी रिकॉल इलेक्शन के समान संचालन के लिए सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट (SOS) इलेक्शन एडमिनिस्ट्रेशन गाइडेंस के हालिया रिलीज़ को समायोजित करने के लिए अनुकूलित किया जाना था (पिछली बार संशोधित - 16 जुलाई, 2021)।